## एक नजर में

### आरटीओ में अभद्रता, राजस्व टीम पर हमला

**धार, 27 मई.** मध्यप्रदेश के धार जिले में शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अभद्रता तथा हमला करने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं. पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

पहले मामले में जिला मुख्यालय स्थित आरटीओ कार्यालय में बस जब्त किए जाने से नाराज दो बस मालिकों द्वारा आरटीओ अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार और धमकी देने का मामला सामने आया है.

कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार कैलाश नगर निवासी आरटीओ कार्यालय कर्मचारी मधुकर सिसोदिया ने शिकायत दर्ज कराई कि नियमों का उल्लंघन करने पर दो बसों को जब्त किया गया था. इससे नाराज होकर सरदारपुर निवासी सईद खान और उसका पुत्र ईशाक खान आरटीओ कार्यालय पहुंचे और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए गाली गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी.पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. दूसरा मामला अमझेरा थाना क्षेत्र के ग्राम कपास्थल का है, जहां जमीन सीमांकन करने पहुंची राजस्व विभाग की टीम पर हमला किए जाने का आरोप है. फरियादी पटवारी कृष्णपालसिंह मंडलोई ने पुलिस को बताया कि वह नायब तहसीलदार के आदेश पर ग्राम कपास्थल में जमीन का सीमांकन करने पहुंचे थे.

## गुस्ताखी माफ




## गांव में पसरा मातम

# पांच चिताएं एक साथ जलीं

## प्रभारी मंत्री सहित कई अधिकारी भी अंतिम संस्कार में पहुंचे

- कूप हादसे के बाद परिजनों का चक्काजाम
- तकनीकी अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होने से आक्रोश



**पन्ना, 27 मई. अजयगढ़ क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीहरपुरवा में कूप निर्माण के दौरान मिट्टी धंसने से पांच मजदूरों की मौत के बाद पूरे गांव में मातम पसरा रहा. बुधवार को पांचों मजदूरों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया. जब पांच चिताएं एक साथ जलीं तो माहौल गमगीन हो गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया. अंतिम संस्कार में प्रभारी मंत्री इंदर सिंह, विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, कलेक्टर उषा परमार, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे.**

हादसे के बाद ग्रामीणों और परिजनों में भारी आक्रोश देखने को मिला. उनका आरोप है कि मामले में केवल पंचायत प्रतिनिधियों पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि उपयंत्री, एसडीओ और जनपद पंचायत सीईओ जैसे तकनीकी अधिकारियों को बचाया जा रहा है. इसी मांग को लेकर सैकड़ों ग्रामीणों और महिलाओं ने माधवगंज चौराहे पर चक्काजाम कर दिया, जिससे पन्ना-बांदा मार्ग पर करीब एक घंटे तक यातायात प्रभावित रहा.

> प्रशासनिक अधिकारियों के समझाने के बाद जाम समाप्त हुआ. इसके बाद ग्रामीण थाने पहुंचे और दोषी अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग करते रहे. पुलिस ने सरपंच सरोज पटेल, संतोष पटेल और रामबाबू पटेल के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया, जिसके बाद परिजन शव लेने को तैयार हुए. ग्रामीणों में यह चर्चा भी है कि जिस कूप में हादसा हुआ, उसका कार्य कागजों में पहले ही पूर्ण दिखाया जा चुका था. मामले की निष्पक्ष जांच की मांग तेज हो गई है.

### आरटीओ में अभद्रता राजस्व टीम पर हमला

**धार.** मध्यप्रदेश के धार जिले में शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अभद्रता तथा हमला करने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं. पुलिस ने दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पहले मामले में जिला मुख्यालय स्थित आरटीओ कार्यालय में बस जब्त किए जाने से नाराज दो बस मालिकों द्वारा आरटीओ अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार और धमकी देने का मामला सामने आया है. कोतवाली थाना पुलिस के अनुसार कैलाश नगर निवासी आरटीओ कार्यालय कर्मचारी मधुकर सिसोदिया ने शिकायत दर्ज कराई कि नियमों का उल्लंघन करने पर दो बसों को जब्त किया गया था. इससे नाराज होकर सरदारपुर निवासी सईद खान और उसका पुत्र ईशाक खान आरटीओ कार्यालय पहुंचे और शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए गाली गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी. पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. दूसरा मामला अमझेरा थाना क्षेत्र के ग्राम कपास्थल का है.

# 50 हजार की रिश्वत लेते सहायक प्राध्यापक रंगे हाथ गिरफ्तार

**04** लाख रुपए की थी मांग

**01** लाख पहले ही ले चुका था



**इंदौर, 27 मई. लोकायुक्त टीम ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए खरगोन जिले के मंडलेश्वर स्थित शासकीय महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक आत्माराम सोलंकी को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया. आरोपी आवेदक की पत्नी की पोस्टिंग नजदीक करवाने के नाम पर 4 लाख रुपए मांग रहा था और पहले ही 1 लाख रुपए ले चुका था.**

शिकायतकर्ता मनोज वास्केल निवासी मानपुर ने लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक के समक्ष आवेदन दिया था कि उसकी पत्नी उर्मिला वास्केल का चयन पीएससी के माध्यम से सहायक प्राध्यापक पद पर हुआ है. उनकी पोस्टिंग धार में होने के बाद आरोपी आत्माराम सोलंकी लगातार फोन कर 4 लाख रुपए की मांग कर रहा था. आरोपी का कहना था कि उसी ने पोस्टिंग दलौदा (मंदसौर) से बदलवाकर धार करवाई है, जो उनके घर के नजदीक है.

> शिकायत का सत्यापन कराया गया, जिसमें आरोप सही पाए गए. इसके बाद योजना बनाकर बुधवार को धामनोद बायपास स्थित मधुबन ढाबे पर आवेदक को 50 हजार रुपए की किश्त देने भेजा गया. जैसे ही आरोपी ने रकम ली, पहले से तैनात लोकायुक्त टीम ने उसे मौके पर ही दबोच लिया.

# डिजिटल तकनीक से मरीजों का करें उपचार

- स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का रखें ध्यान : शुक्ल



**भोपाल, 27 मई. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सेवा प्रदायगी की दक्षता को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं. उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक का उपयोग केवल प्रक्रियाओं के सरलीकरण तक सीमित न रहकर मरीजों को समयबद्ध, सुगम एवं बेहतर उपचार उपलब्ध कराने का माध्यम बने.**

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मंत्रालय में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रदाय में डिजीटल तकनीक के उपयोग से सशक्तीकरण की प्रस्तावित कार्ययोजना की समीक्षा की और प्रावधानों पर गहन विमर्श किया. उन्होंने निर्देश दिए कि अस्पतालों में जांच, पंजीयन, प्रिस्क्रिप्शन, दवा वितरण, भर्ती एवं डिस्चार्ज जैसी सेवाओं को आपस में डिजिटल रूप से जोड़ा जाए, जिससे मरीजों को एकीकृत एवं सहज स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त हो सकें.

> आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा धनराजू एस ने प्रदेश में प्रस्तावित डिजिटल हेल्थ ट्रांसफॉर्मेशन एवं स्वास्थ्य सेवा सुदृढ़ीकरण की चरणबद्ध कार्ययोजना का विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि ओपीडी, आईपीडी, वाइटल्स, प्रिस्क्रिप्शन, फार्मेसी, लैबोरेटरी इंफॉर्मेशन सिस्टम, रेडियोलॉजी इंफॉर्मेशन सिस्टम और डिस्चार्ज सेवाओं को चरणबद्ध रूप से डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा।

### प्रताड़ना से तंग आकर पूर्व बीएसएफ जवान ने की थी खुदकुशी

**जबलपुर.** महिला की प्रताड़ना और धमकियों से तंग आकर पूर्व बीएसएफ जवान ने फांसी लगाकर आत्महत्या की थी. कटंगी पुलिस ने मर्ग जांच और कॉल रिकॉर्डिंग के आधार पर आरोपी महिला के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस ने बताया नगर परिषद कटंगी में एलडीसी के पद पर पदस्थ शिवम श्रीवास्तव (28) ने पुलिस को सूचना दी थी कि उनके पिता शिवकुमार श्रीवास्तव (58) ने 5-6 मई 2026 की दरमियानी रात घर के कमरे में फांसी लगा ली थी. मृतक शिवकुमार पूर्व में बीएसएफ में सेवाएं दे चुके थे. पुलिस जांच और परिजनों के बयानों से पता चला है कि मृतक शिवकुमार पिछले 3 साल से मंडला जिले के बीजाडांडी की रहने वाली रेखा सक्सेना के संपर्क में थे. रेखा लगातार शिवकुमार पर दबाव बना रही थी कि वह अपने बेटे-बहू को छोड़ दें और कटंगी का मकान बेचकर उसके साथ भेड़ाघाट वाले घर में रहें.

# पिकअप खाई में गिरी, 3 मजदूरों की मौत

## पेंट की बाल्टियों पर बैठे थे मजदूर, चालक फरार

**नीमच, 27 मई. जिले के सिंगोली क्षेत्र स्थित तिलस्वा घाट पर मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. पेंट से भरी पिकअप वाहन खतरनाक मोड़ पर अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी. हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया.**

जानकारी के अनुसार राजस्थान के धौलपुर से बांसवाड़ा जा रही पिकअप में पेंट की बाल्टियां लदी थीं, जिनके ऊपर मजदूर बैठे हुए थे. रात करीब 10 बजे तिलस्वा घाट के मोड़ पर वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे खाई में गिर गया. हादसे में बाल्टियों का रंग मजदूरों के




शवों पर फैल गया, जिससे घटनास्थल का दृश्य बेहद दर्दनाक हो गया. मृतकों की पहचान उदयलाल निवासी बरेली, रामअवध सिंह और पिंटू कुमार निवासी गाजीपुर के रूप में हुई है. घायल मजदूरों में मोहम्मद जाकिर, इदरीस और सोमपाल शामिल हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रेफर किया गया है. सभी मजदूर निर्माण कार्य के लिए बांसवाड़ा जा रहे थे.

> घटना की सूचना मिलते ही सिंगोली थाना पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे. राहगीरों की मदद से शवों और घायलों को खाई से बाहर निकाला गया. पुलिस ने वाहन जब्त कर जांच शुरू कर दी है. लगातार हो रहे हादसों के बाद पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने तिलस्वा घाट का निरीक्षण किया. अधिकारियों ने घाट पर चेतावनी बोर्ड लगाने और सड़क सुधार कार्य जल्द पूरा करने की बात कही है. गौरतलब है कि इसी घाट पर रविवार को भी एक बस पलटने से 30 यात्री घायल हुए थे.

# क्वालिफायर-2 में पहुंची राजस्थान, एलिमिनेटर में हार के साथ हैदराबाद का सफर समाप्त

**मुल्लापुर।** राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 47 रनों से हराकर क्वालिफायर-दो में जगह बना ली। अब टीम का सामना गुजरात टाइटंस से 29 मई यानी शुक्रवार को होगा। बुधवार को मुल्लांपुर में खेले गए आईपीएल मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने वैभव सूर्यवंशी (97) और ध्रुव जुरेल (50) की तूफानी पारियों की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 243 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद 19.2 ओवर में सिर्फ 196 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई।

हैदराबाद को आठवां झटका जडेजा ने दिया। उन्होंने सलिल को बर्गर के हाथों कैच कराया। वह 21 गेंदों में 35 रन बनाकर आउट हुए। अब शिवांग कुमार का साथ देने ईशान मलिंगा आए हैं। नीतीश रेड्डी 38 और पैट कमिंस एक रन बनाकर आउट हो गए। इससे पहले हैदराबाद को पांचवां झटका यश राज पुंजा ने दिया। उन्होंने क्लासेन को एलबीडब्ल्यू आउट किया। वह 18 रन बनाकर आउट हुए। हैदराबाद को चौथा झटका जोफ्रा आर्चर ने दिया। वह सिर्फ 17 रन बना पाए। हैदराबाद को तीसरा झटका बर्गर ने दिया। उन्होंने आर्चर के हाथों आर स्मरण को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ एक रन बना पाए। हैदराबाद को दूसरा झटका आर्चर ने ही दिया। उन्होंने ईशान किशन को फरेरा के हाथों कैच कराया। वह 11 गेंदों में 33 रन बनाकर आउट हुए। शुरुआत में ही अभिषेक शर्मा को जोफ्रा आर्चर ने पहले ही ओवर में पवेलियन भेज दिया। वह खाता भी नहीं खोल सके।

इससे पहले राजस्थान ने हैदराबाद को 244 रनों का लक्ष्य दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 243 रन बनाए। उनके लिए वैभव सूर्यवंशी ने 97 और ध्रुव जुरेल ने 50 रनों की पारियां खेलीं। वहीं, हैदराबाद के लिए प्रफुल्ल हिंगे ने तीन विकेट लिए जबकि ईशान मलिंगा, शिवांग कुमार और नीतीश रेड्डी ने एक-एक विकेट झटके। राजस्थान को पांचवां झटका ईशान मलिंगा ने दिया। उन्होंने अभिषेक के हाथों दासुन शनाका को कैच कराया। 18 ओवर के बाद स्कोर पांच विकेट पर 233 रन हो गया था। राजस्थान को चौथा झटका प्रफुल्ल हिंगे से मिला। उन्होंने क्लासेन के हाथों कप्तान रियान पराग को कैच कराया। वह 12 गेंदों में 26 रन बनाकर आउट हुए। इस मैच में राजस्थान को तीसरा झटका प्रफुल्ले हिंगे ने दिया। उन्होंने नीतीश के हाथों जुरेल को आउट कराया। वह 21 गेंदों में 50 रन बनाकर आउट हुए। राजस्थान को दूसरा झटका शिवांग कुमार से मिला। उन्होंने अभिषेक शर्मा के हाथों यशस्वी जायसवाल को कैच कराया। वह 29 गेंदों में 29 रन बनाकर आउट हुए। प्रारंभ में ही राजस्थान को पहला झटका प्रफुल्ल हिंगे से मिला। उन्होंने आक्रामक फॉर्म में नजर आ रहे वैभव सूर्यवंशी को आर स्मरण के हाथों कैच कराया। वह 29 गेंदों में पांच चौके और 12 छक्के की मदद से 97 रन बनाकर आउट हुए। वह क्रिस गेल के सबसे तेज शतक के रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए। गेल ने 30 गेंदों में आईपीएल का सबसे तेज शतक लगाया था।

वैभव ने तोड़ा क्रिस गेल का महारिकॉर्ड : वैभव सूर्यवंशी ने इस मुकाबले में आक्रामक प्रदर्शन करते हुए क्रिस गेल का महारिकॉर्ड तोड़ दिया। वह एक सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। इससे पहले गेल ने आईपीएल 2012 में 59 छक्के लगाए थे। सूर्यवंशी ने 16 गेंदों में अपना अर्धशतक भी पूरा किया।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

राजस्थान रॉयल्स: यशस्वी जयसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), डोनोवन फरेरा, दासुन शनाका, रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, बृजेश शर्मा, यश राज पुंजा।

इम्पैक्ट खिलाड़ी: शुभम दुबे, सुशांत मिश्रा, अमन राव पेराला, रवि बिश्नोई, तुषार देशपांडे।

सनराइजर्स हैदराबाद: अभिषेक शर्मा, ट्रेविस हेड, ईशान किशन (विकेटकीपर), हेनरिक क्लासेन, स्मरण रविचंद्रन, नीतीश कुमार रेड्डी, पैट कमिंस (कप्तान), शिवांग कुमार, ईशान मलिंगा, साकिब हुसैन, प्रफुल्ल हिंगे।

इम्पैक्ट खिलाड़ी: सलिल अरोड़ा, अनिकेत वर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, हर्ष दुबे, हर्षल पटेल हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। हैदराबाद अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जानी जाती है और बल्लेबाजी उनका हमेशा से मजबूत पक्ष रहा है लेकिन वह नाकामयाब रही।

# 41 लाख से अधिक का बैंक गबन उजागर

- सहकारी केंद्रीय बैंक के कैशियर और सहायक लेखाकार निलंबित



**खरगोन, 27 मई. जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित खरगोन की बिस्टान शाखा में 41 लाख 58 हजार रुपए से अधिक के गबन का मामला सामने आने के बाद बैंक प्रबंधन ने कैशियर और सहायक लेखाकार को निलंबित कर दिया है.**

बैंक प्रशासन ने कैशियर ऋतु गोयल और सहायक लेखाकार त्र्यंबक वाणी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है. मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और जांच शुरू कर दी गई है. बैंक की मुख्य कार्यपालन अधिकारी संध्या रोकड़े ने बताया कि मामले की विभागीय जांच प्रारंभ कर दी गई है तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

जानकारी के अनुसार 25 मई 2026 को शाखा में नियमित कैश सत्यापन और भौतिक लेखा परीक्षण के दौरान गड़बड़ी सामने आई. जांच में कैश बुक में दर्ज राशि और शाखा में वास्तविक रूप से उपलब्ध नकदी के बीच 41 लाख 58 हजार 95 रुपए का अंतर पाया गया.

> मामले को गंभीरता से लेते हुए बैंक प्रबंधन ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी. अधिकारी मौके पर पहुंचे और शाखा का निरीक्षण कर विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया. इसके बाद कार्रवाई के लिए जैतापुर थाना पुलिस को जानकारी दी गई. फिलहाल पुलिस और बैंक प्रशासन संयुक्त रूप से मामले की जांच कर रहे हैं. बैंक प्रबंधन का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने जिला प्रशिक्षण वर्ग को किया संबोधित

**अमरकंटक, 27 मई.** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने बुधवार को माँ नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक में पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत अनूपपुर के जिला प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित किया. इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षण आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया.



# रेत माफियाओं ने आरक्षक पर चढ़ाया ट्रैक्टर, हालत गंभीर

नवभारत न्यूज

**बालाघाट, 27 मई. जिले के लालबर्रा थाना क्षेत्र में रेत माफिया की दबंगई और कानून का खौफ खत्म होने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. मंगलवार रात 8 से 9 लालबर्रा थानाक्षेत्र अंतर्गत कामथी में अवैध रेत खनन कर रहे ट्रैक्टर चालक द्वारा प्रधान आरक्षक राजेश्वर रहाँगडाले बेरहमी से वाहन चढ़ा दिया. इस जानलेवा हमले में आरक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गोंदिया रेफर किया गया है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लालबर्रा थाने में पदस्थ आरक्षक सुशील और प्रधान राजेश्वर रहाँगडाले को कामथी में अवैध रेत के परिवहन की मुखबिर से सूचना मिली थी. मौके पर पहुंचे आरक्षकों ने जब कार्रवाई शुरू की और घटना स्थल का वीडियो बनाना चाहा, तभी ट्रैक्टर चालक ने दुस्साहस दिखाते हुए आरक्षक राजेश्वर पर सीधे ट्रैक्टर चढ़ा दिया. घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और घायल आरक्षक को तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहाँ नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें गोंदिया रेफर कर दिया. घटना की भनक लगते ही मंगलवार देर रात आईजी ललित शाक्यवार और एसपी आदित्य मिश्रा सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी जिला अस्पताल पहुंचे और घायल आरक्षक के स्वास्थ्य की जानकारी ली. पुलिस प्रशासन ने मामले को अत्यंत गंभीरता से लिया है. आईजी ललित शाक्यवार ने बताया कि वारदात के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी वाहन चालक को पुलिस अभिरक्षा में ले लिया गया है और ट्रैक्टर को जब्त कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है.

### स्थानीय लोगों में घटना को लेकर आक्रोश

गौरतलब है कि संपूर्ण लालबर्रा तहसील में चारों दिशाओं अवैध रेत खनन और परिवहन का व्यापार चरम पर है जैसे ही रात गहराती है वैसे ही रेत माफियाओं के कम समय में ज्यादा लाभ के चक्कर में अंधाधुंध रफ्तार से रेत से भरे ट्रैक्टर फर्राटे भरते दिखाई देते हैं. ऐसा नहीं की इस अवैध कारोबार की भनक स्थानीय पुलिस को नहीं जानकारी होने के बाद भी यह पकड़ के बाहर रहते हैं . बहरहाल स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश है.

# देश में गेहूं उपार्जन में मध्यप्रदेश बना नंबर-1

- 13 .36 लाख किसानों से 103 लाख मीट्रिक टन खरीदी

**भोपाल, 27 मई. मध्यप्रदेश ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन में देशभर में नया रिकॉर्ड बनाया है. प्रदेश में अब तक 13 लाख 36 हजार किसानों से 103 लाख 48 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है. इनमें 8 लाख से अधिक सीमांत और लघु किसानों से 32 लाख 14 हजार मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है. प्रदेश में खरीदी प्रक्रिया अभी भी जारी है.**

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि कोविड अवधि को छोड़ दें तो पिछले 10 वर्षों में यह सबसे बड़ा गेहूं उपार्जन है. उन्होंने कहा कि मोहन यादव के



प्रयासों से केंद्र सरकार ने प्रदेश का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन किया था, सरकार द्वारा किसानों को अब तक 22 हजार 842.9 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है. किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य और 40 रुपये बोनस सहित कुल 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं खरीदा जा रहा है.

## हनीट्रैप में बड़ा खुलासा | एडिटेड फोटो से करोड़ों की उगाही, गैंग का हर सदस्य निभा रहा था तय रोल

# डेयरी दुकान से मिला ब्लैकमेलिंग का खजाना

नव भारत न्यूज

**इंदौर, 27 मई. हाई-प्रोफाइल हनीट्रैप पार्ट-2 मामले में क्राइम ब्रांच को बड़ा ब्रेक मिला है. भोपाल की एक डेयरी दुकान से ब्लैकमेलिंग के पुख्ता सबूत मिलने के बाद गैंग की पूरी साजिश, तरीका और नेटवर्क सामने आ गया है. एडिटेड फोटो और सीक्रेट दस्तावेजों के जरिए करोड़ों की उगाही का खेल चल रहा था.**

क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया है कि मास्टरमाइंड श्वेता जैन ने भोपाल स्थित अपनी डेयरी दुकान को ही ब्लैकमेलिंग का सेफ ठिकाना बना रखा था. टीम ने दबिश देकर यहां से



कारोबारी हितेंद्रसिंह उर्फ चिंटू ठाकुर से जुड़े कई एडिटेड फोटो, डिजिटल सामग्री और एक अहम एग्रीमेंट (अनुबंध) बरामद किया है. जांच में खुलासा हुआ है कि गैंग पहले टारगेट को फंसाता था, फिर उसकी फोटो को एडिट कर आपत्तिजनक बनाया जाता था. इसके बाद उन्हें वायरल करने की धमकी देकर मोटी रकम वसूली जाती थी. इसी पैटर्न पर कारोबारी से करीब एक करोड़ रुपए की डिमांड की गई थी. पुलिस के मुताबिक यह पूरा गिरोह बेहद संगठित तरीके से काम करता था. हर सदस्य की भूमिका पहले से तय रहती थी. कोई टारगेट से संपर्क करता था, कोई दोस्ती और बिजनेस रिलेशन बनाता था, तो बाकी सदस्य फोटो एडिट करने और ब्लैकमेलिंग की जिम्मेदारी संभालते थे. इस केस में अब तक श्वेता जैन, अलका दीक्षित, रेशू चौधरी, लाखन चौधरी, जितेंद्र पुरोहित, जयदीप दीक्षित और विनोद शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है. मामले में अब जांच का फोकस इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों पर है. आरोपियों के मोबाइल और डिजिटल डिवाइस पहले ही फोरेंसिक साइंस लैब भेजे जा चुके हैं. यहां से डिलीट डेटा, सीक्रेट चैट, ऑडियो वीडियो और फोटो रिकवर किए जा रहे हैं. पुलिस को अंदेशा है कि फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद इस नेटवर्क से जुड़े कई बड़े और रसूखदार चेहरों के नाम सामने आ सकते हैं. साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि किन किन लोगों को इस गैंग ने अपना शिकार बनाया.

क्राइम ब्रांच डीसीपी राजेश त्रिपाठी ने बताया कि भोपाल से मिले सबूत इस केस में अहम कड़ी साबित होंगे. डिजिटल सामग्री की फोरेंसिक जांच कराई जा रही है.